उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 10.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## जनपद में होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा सहित पुलिस अधि./कर्म. ने पुलिस लाइन महोबा में खेली होली, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की दी बधाई।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन पर होली पर्व के दृष्टिगत जनपद महोबा में व्यापक सुरक्षा के बन्दोबस्त किये गये थे जिसके कारण दिनांक 09.03.2023 को जनपद महोबा में परम्परानुरुप होली का पर्व जनपदवासियों ने सुरक्षित वातावरण में बडे ही धूमधाम के साथ मनाया।

जनपद महोबा में होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त आज दिनांक 10.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता सहित जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाइन महोबा अवस्थित प्रांगण में धूमधाम के साथ पुलिसिया होली खेली गयी।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा में शान्तिपूर्वक/हर्षोल्लास के साथ होली पर्व के दिन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात प्रत्येक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही सभी को होली पर्व की शुभकामनायें दी गयी।

इस दौरान सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनायें दी, इस दौरान सभी पर होली का रंग खूब चढ़ा रहा सभी ने होली पर्व को मनाते हुये डी.जे./भांगड़ा की धुन पर जमकर थिरकते हुये होली के त्यौहार को उमंग, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी लाइन एवं कार्यालय श्री उमेश चन्द्र, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह सहित जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।









## थाना खन्ना पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री उमेश कुमार द्वारा गठित गयी उ0नि0 मलखान सिंह के नेतृत्व में गठित हुयी पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम ग्योडी से एक नफर वारंटी अभियुक्त छोटू उर्फ प्रणवीर पुत्र रणधीर सिह निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जिला महोबा उम्र लगभग 25 वर्ष सम्बन्धित मु0न0 600920/12 धारा 279/337/427 भादवि को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया बाद आवश्यक कार्यवाही कर वारंटी /अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

छोटू उर्फ प्रणवीर पुत्र रणधीर सिंह निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जिला महोबा उम्र लगभग 25 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1. उ0नि0 मलखान सिंह
2. का0 रामविकास 3. का0 अंकित सिंह



# महोबा पुलिस



## पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एंव केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन के प्रस्तावित जनपद भ्रमण/कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण, समीक्षा गोष्ठी कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश ।

आज दिनांक 10.03.2023 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री विपिन कुमार मिश्र द्वारा मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी एंव केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन श्री नितिन गड़करी के प्रस्तावित जनपद भ्रमण / कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज श्री भानु भास्कर द्वारा गूगल मीट के माध्यम से चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, चित्रकूट परिक्षेत्र के समस्त जनपद प्रभारी व अन्य राजपत्रित अधि० व थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर जनपद में प्रस्तावित वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता तथा जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था के साथ समुचित पुलिस प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में बिन्दुवार गहन समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल सहित जनपद महोबा के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।






प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 10.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **10.03.2023** को श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के ई-चालान किये गये।



